समाचार

मास्क, फिजिकल डिस्टेंसिंग पर निगम ने चलाई जागरूकता ड्राइव

(कोरोना का खतरा टला नहीं बल्कि बढ़ा है, लोगों को दी गई समझाईश, लगाया गया जुर्माना)

कोरबा 09 जुलाई 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 08 जोन में आज लोगों को मास्क का उपयोग करने, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने, कीट व जलजनित बीमारियों से बचाव करने के संबंध में वृहद जागरूकता ड्राइव चलाई गई। लोगों को समझाया गया कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं बल्कि बढ़ा है, अतः अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पूर्णतः पालन करें, साथ ही कीट व जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु सावधानी बरतें।

निगम के सभी जोन में जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में निगम के राजस्व विभाग, स्वच्छता कमाण्डों एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त सहयोग से नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व उसके नियंत्रण को लेकर आज वृहद जागरूकता ड्राइव चलाई गई। कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर शुक्ल, बालको, दर्री, बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन के विभिन्न बाजारों, शापिंग काम्पलेक्सों, ज्यादा आवागमन वाले क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थानों पर यह अभियान चलाते हुए विभिन्न टीमों ने लोगों को कोविड–19 के खतरे के प्रति आगाह किया, उन्हें घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रूप से पालन करने की कड़ी समझाईश देने के साथ–साथ मास्क न पहनने वाले व सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया, टीम द्वारा इस मौके पर लोगों को निःशुल्क मास्क भी वितरित किए गए।

<u>कोरोना का खतरा टला नहीं, बल्कि बढ़ा है</u>– वर्षा ऋतु में मौसम के बदलाव के साथ–साथ सर्दी, जुकाम खासी व मौसमी बीमारियों की शिकायतें पैदा होती है, परिणाम स्वरूप कोरोना वायरस के संक्रमण की संभावना भी बढ़ जाती है। संक्रमण से बचाव व उसके प्रसार को रोकने के लए आवश्यक है कि घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क पहना जाए तथा दुकानों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों में फिजिकल डिस्टेंसिंग अपनाते हुए कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्ण रूप से पालन किया जाए।

<u>लगाया गया 11600 रूपये का जुर्माना</u>– नगर निगम व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान लोगों द्वारा मास्क न पहनने व फिजिकल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करते पाए जाने पर 11600 रूपये का

अर्थदण्ड लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरबा जोन में 3400 रूपये, कोसाबाड़ी व रविशंकर शुक्ल जोन में 3100 रूपये, बालको जोन में 1700 रूपये, सर्वमंगला जोन में 1600 रूपये, दर्री जोन में 850 रूपये एवं बांकीमोंगरा जोन में 950 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया।

बांटे गए पम्पलेट– अभियान के दौरान टीमों द्वारा मलेरिया, डेगू, पीलिया जैसी कीट व जलजनित बीमारियों से बचने के उपायों की जानकारी देते पम्पलेट का वितरण आमनागरिकों को किया गया, उन्हें समझाईश दी गई कि वे इन बीमारियों से बचने हेतु सभी आवश्यक सावधानियां बरतें। निगम की स्वच्छता विभाग की टीम ने कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, फागिंग मशीन का संचालन कराए जाने के साथ–साथ साफ–सफाई कार्यो का संपादन भी विशेष अभियान के रूप में किया।

महापौर ने आमजन से की अपील– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए घर से बाहर निकलने पर मास्क अवश्य पहने एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रूप से पालन करें। उन्होने कीट व जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए अपील करते हुए कहा है कि वर्षा ऋतु के समय कीट व जलजनित बीमारियों की संभावनाएं बढ़ जाती है, अतः इन बीमारियों से बचने के लिए सावधानियां आवश्यक है, उन्होने कहा है कि डेंगू नामक बीमारी एडिज नामक मच्छर के काटने से होती है तथा यह मच्छर दिन के समय काटता है एवं स्थिर व साफ पानी में पनपता है, अतः कूलर पानी टंकी, पक्षियों के पीने के पानी बर्तन, फ्रिज की ट्रे आदि में पानी का जमाव न होने दें, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सूखाकर प्रयोग करें, नारियल के खोल, टूटे हुए बर्तन, टायरों आदि में पानी जमा न होने दें, घरों के दरवाजें व खिड़कियों में जाली व परदे लगाएं। उन्होने अपील करते हुए आगे कहा है कि मलेरिया रोग से बचने के लिए घरों के नजदीक स्वच्छता बनाए रखें, मच्छरदानी का उपयोग करें, घरों के आसपास गड्ढों में पानी व गंदगी जमा न होने दें, घर के शौचालय आदि की सफाई नियमित रूप से करें तथा बुखार आदि होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। पीलिया रोग से बचने के लिए दूषित सब्जी, बासी भोजन का उपयोग न करें, पानी उबाल कर पीयें, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। उन्होने अपील करते हुए आगे कहा है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करें, मास्क लगाकर घर से बाहर निकले तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग अनिवार्य रूप से अपनाएं।